सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-353
18/08/2017

आज मुख्यमंत्री राहत कोष में 2 लाख 41 हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा गया

पटना, 18 अगस्त 2017 :– केन्द्रीय मंत्री श्री उपेन्द्र कुशवाहा, रालोसपा सांसद श्री राम कुमार शर्मा, विधायक श्री सुंधाशु शेखर एवं विधान पार्षद श्री संजीव श्याम सिंह ने अपने एक माह के वेतन का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा। इस क्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री उपेन्द्र कुशवाहा ने 50 हजार रूपये, सांसद श्री राम कुमार शर्मा ने 50 हजार रूपये, विधायक श्री सुधांशु शेखर ने 30 हजार रूपये एवं विधान पार्षद श्री संजीव श्याम सिंह ने 30 हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा।

वहीं दूसरी ओर जदयू विधायक श्री श्याम रजक ने अपने एक माह का वेतन एवं भता का 81 हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये केन्द्रीय मंत्री, सांसद, विधायक एवं विधान पार्षद को धन्यवाद दिया तथा उनकी इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय हम सबको अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

******